# गांधीनगर में करोड़ों के खर्च पर मल्टी स्पे.अस्पताल

अहमदाबाद, २२ अक्टूबर।

गांधीनगर के लोगो को तथा आसपास के गाव वालो को आधुनिक चिकित्सक की सुविधा उपलब्ध करवा ने के लिए करोड़ो के खर्च पर पेथापुर-महुडी'रोड पर मल्टी स्पेशियालिटी गोएन्का अस्पताल की स्थापना की गई है। आईसीयु तथा ईसीजी ओन व्हिल्स की सुविधा युक्त इस अस्पताल में १०० बिस्तर की व्यवस्था की गई है। अन्य अस्पतालों की तुलना में सस्ते दर से सर्जरी समेत तमाम सुविधा उपलब्ध करते इस अस्पताल की उद्घाटनी की आज घोषणा की गई थी।

जिसके तहत आयोजित परिषद में अस्पताल के अध्यक्ष अपूर्व गोएन्का ने कहा कि अस्पताल में ब्लड के स्टोरेज की भी सुविधा है। जो गांधीनगर में पहली बार शुरु हो रही है। इस के अलावा अतिआधुनिक उपकरण जैसे की कलर डोप्लर रेडीईको, कोम्प्युटरराईझ एक्सरे, अल्ट्रासाउन्ड और इन हाउस लेबोरेटरी की सुविधा है। जिसमें उच्चस्तर के रक्त परिक्षण के लिए पेथोलोजी, माईक्रो बायोलोजी, हीस्टोपेथोलोजी और इम्युनोलोजी का समावेश होता है। इस बीच अस्पताल के बारे में डो.दिव्येश गुप्ताने जानकारी देते हुए कहा कि, अस्पताल में दो प्रकार के आईसीयु है जिसमें एक सर्जिकल और दुसरा मेडिकल आईसीयु। इस के अलावा आईसीयु ओन व्हिल्स द्वारा टेली मेडिसिन की मदद से समस्या वाले मरिजो को प्राथमिक उपचार दिया जा सकेगा। तथा इसीजी ओन व्हिल्स मरिज को घर बैठे बिमारी और उपचार का मार्गदर्शन दिया जाएगा।